मेवाड़ जगत
डिजिटल ई-पेपर



अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated
डबल क्वालिटी सर्टिफाइड
NABL & NABH
प्रमाणित
4-सी, एपेक्स चेम्बर, भारतीय लोक कला मंडल के पीछे, मधुबन, उदयपुर
Call: 70733 08880 / 70738 18880
अर्थ डायग्नोस्टिक्स
Meaningful, Authentic & Dedicated




# एक ही साल में तीन राज्यो से बीए करने वाले अनोखे विधायक



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** राजस्थान विधानसभा में एक ऐसे विधायक हैं जिनकी शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज हैरान करने वाले हैं। विधायक साहब ने एक ही सत्र में तीन-तीन राज्यों की अलग-अलग युनिवर्सिटीयों से स्नातक की डिग्रियां ले रखी है। यह मामला सालभर पहले ही सामने आ गया था लेकिन दस्तावेजों की पूरी जांच के बाद स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप यानी एसओजी ने अब केस दर्ज कर लिया है। फर्जी डिग्री मामले में अब माननीय विधायक साहब की गिरफ्तारी भी हो सकती है। जिन विधायक साहब ने एक ही सत्र में तीन अलग-अलग विश्वविद्यालयों से स्नातक की तीन डिग्रियां लीए उन माननीय विधायक का नाम है जयकृष्ण पटेल। पटेल राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी से विधायक हैं। एक साल पहले यानी मई 2025 को विधायक जयकृष्ण पटेल विधानसभा में सवाल पूछने के बदले में 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार हुए थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने उन्हें ट्रेप किया था। पटेल ने रिश्वत की रकम से भरा बैग देकर भगा दिया था और उस सहयोगी ने जमीन में गड्ढा खोदकर बैग छिपा दिया था जिसे एसीबी ने ढूंढ निकाला था।

## शपथ पत्र में खुला फर्जीवाड़े का राज

मई 2024 में जब जयकृष्ण पटेल गिरफ्तार हुए थे पुलिस ने उनके शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की। बारहवीं के बाद मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में एडमिशन लेने के दस्तावेज पुलिस ने प्राप्त किए। बाद में पुलिस को सिक्किम की ईआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री प्राप्त करने के डॉक्युमेंट भी मिल गए। विधायक का चुनाव लड़ने के दौरान जयकृष्ण पटेल ने गुजरात की कालोरेक्स टीचर्स यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री प्राप्त करने का हवाला अपने चुनाव शपथपत्र में दिया था। यानी एक ही सत्र में तीन डिग्रियां लेने के प्रमाण पुलिस को मिल गए। अब इस केस में एसओजी ने मामला दर्ज किया है।

### फर्जी डिग्री से शिक्षक बने थे पटेल

जयकृष्ण पटेल विधायक बनने से पहले सरकारी शिक्षक थे। उन्होंने पांच साल तक शिक्षक के रूप में नौकरी की। बाद में वे राजनीति में उतर आए। सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार होने के बाद जब उनके दस्तावेजों की जांच हुई तो पता चला कि विधायक साहब फर्जी डिग्री से मास्टर बने थे। बारहवीं पास करने के बाद उन्होंने उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में सत्र 2007.2010 में एडमिशन लिया था। सेकिंड इयर में फेल हो गए तो उसी समय उन्होंने सिक्किम की ईआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री बनवा ली। उस डिग्री में उन्हें 73ण85 प्रतिशत अंक मिले थे। वर्ष 2012 में गुजरात की कालोरेक्स टीचर्स यूनिवर्सिटी से भी बीए की डिग्री प्राप्त कर ली थी।

## एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश, पायलट समेत 5 की मौत

**जोरहाट।** असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। दानिश बिहार के तो खेमाराव राजस्थान के रहने वाले थे। एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरुआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।

## धर्मांतरण के 11 आरोपियों की जमानत खारिज

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** ऋषभदेव में धर्मांतरण मामले में गिर तार 11 आरोपियों की जमानत के प्रार्थना पत्र को नामंजूर कर दिया है। न्यायालय ने कहा किसी को लालच देकर या जबरन धर्म बदलवाना देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए बेहद खतरनाक है। पुलिस के अनुसार बिलखाई निवासी पीड़ित नानालाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कानूवाड़ा बिलखाई गांव में आरोपियों ने उसे ईशा भगवान की प्रार्थना सभा के नाम पर बुलाया। वहां पहले से करीब 150 से 200 लोग मौजूद थे। नानालाल को ईसाई



धर्म अपनाने पर उसकी बीमारी ठीक करने, घर पर नया कुआं और हैंडपंप खुदवाने का प्रलोभन दिया गया था। जब नानालाल ने धर्म बदलने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर इस प्रकरण में डूंगरपुर के हरीश, उदयपुर के भैरूलाल, छत्तीसगढ़ भिलाई के अमित कुमार, पलाश, आशीष स्थानीय आरोपी बाबूलाल, शंकरलाल, राकेश, अनिल, नारायण और दिनेश को गिर तार किया था, जो न्यायिक अभिरक्षा में है। खेरवाड़ा के अपर जिला एवं सेशन न्यायालय में आरोपियों की जमानत का प्रार्थना पत्र पेश किया। आरोपियों के वकील रवि भावा ने तर्क दिया कि आपसी विवाद में फंसाया गया है। वहीं परिवादी पक्ष के वकील नरेंद्र शर्मा, भावेश शर्मा, केके मेहता, पुष्पेंद्र त्रिपाठी और राजकुमार शर्मा ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कोर्ट को बताया आरोपियों ने बिना किसी सरकारी अनुमति के सार्वजनिक ग्राउंड पर लाउडस्पीकर लगाकर बड़ी सभा की। गरीब और आदिवासी वर्ग के लोगों को चमत्कार और पैसों का लालच देकर सामूहिक धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। पुलिस को मौके से ईसाई धर्म की 17 किताबें, सीडी और फोटोग्राफ भी मिले हैं, जिसमें नाबालिग बच्चे भी शामिल दिख रहे हैं।

## हिंदुस्तान जिंक में 740 से अधिक महिलाएँ भारत की सबसे डिजिटल माइनिंग सुविधाओं का कर रही संचालन

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** विश्व की सबसे बडी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और शीर्ष 10 सिल्वर उत्पादकों में से एक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने मुख्य माइनिंग और स्मेल्टिंग ऑपरेशन्स में 740 से अधिक महिला प्रोफेशनल्स का सम्मान करते हुए इंटरनेशनल वीमेन इन माइनिंग डे मनाया। अंडरग्राउंड माइन्स, डिजिटल कंट्रोल रूम, रिमोट ऑपरेशन्स, माइन रेस्क्यू टीम, स्मेल्टर और नाइट शिफ्ट में काम करने वाली महिलाओं के साथ, हिंदुस्तान जिंक में माइनिंग सेक्टर में काम करने वाली महिलाओं का एशिया का सबसे बडा ग्रुप है और यह टेक्नोलॉजी-आधारित इंडस्ट्रियल भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी को लगातार नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। अब अपनी वर्कफोर्स



में 26.4 प्रतिशत महिलाओं की हिस्सेदारी के साथ कंपनी भारत के मेटल और माइनिंग सेक्टर में जेंडर डाइवर्सिटी के लिए बेंचमार्क स्थापित कर रही है। यह उपलब्धि भारत के मुख्य मैन्युफैक्चरिंग और मेटल इंडस्ट्री के लिए एक बडा बदलाव दिखाती है, जो पारंपरिक रूप से टेक्निकल और फ्रंटलाइन भूमिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व, पहुँच और उन्हें बनाए रखने की चुनौतियों से जूझती रही है। हिंदुस्तान जिंक में यह बदलाव ऑटोमेशन, एआई आधारित सुरक्षा सिस्टम, टेली-रिमोट ऑपरेशन्स, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और समावेशी वर्कप्लेस इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण संभव हुआ है, जिससे माइनिंग सुरक्षित, स्मार्ट और अलग-अलग तरह के टैलेंट के लिए अधिक सुलभ हो गई है। अपने अनुभव साझा करते हुए हिंदुस्तान जिंक की पहली महिला अंडरग्राउंड माइन मैनेजर, संध्या रसाकतला ने कहा किए हिंदुस्तान जिंक ने सुरक्षित, स्मार्ट और अधिक टेक्नोलॉजी.आधारित वर्कप्लेस बनाकर महिलाओं के लिए माइनिंग को अधिक सुलभ बनाया है। अंडरग्राउंड ऑपरेशन्स से लेकर डिजिटल कंट्रोल रूम तकए कंपनी ने ऐसा माहौल बनाया है जहाँ महिलाओं को अहम जिम्मेदारियाँ सौंपी जाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। हिंदुस्तान जिंक ने मुझे उस क्षेत्र में कदम रखने का आत्मविश्वास दिया जिसे मैं कभी चुनौतीपूर्ण मानती थी और आज हर शिफ्ट मुझे याद दिलाती है कि मैं न केवल माइनिंग में अपना करियर बना रही हूँ, बल्कि अन्य महिलाओं को यह विश्वास दिलाने में मदद कर रही हूँ कि वे भी यहाँ काम कर सकती हैं। हिंदुस्तान जिंक में महिला प्रोफेशनल कंपनी के हाई.टेक ऑपरेशन्स में योगदान दे रही हैं, जिनमें रिमोट ब्लास्टिंग, टेली-रिमोट इक्विपमेंट हैंडलिंग, रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम, ऑपरेशनल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म, ऑटोमेटेड प्रोसेस और डिजिटल कंट्रोल रूम शामिल हैं। कंपनी में भारत की पहली महिला अंडरग्राउंड माइनिंग प्रोफेशनल भी कार्यरत हैं और 2023 में कंपनी ने भारत की पहली पूरी तरह से महिलाओं वाली अंडरग्राउंड माइन रेस्क्यू टीम शुरू की।

## गीतांजलि हॉस्पिटल में कोबास प्रो नियो आईएसई मशीन स्थापित



**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जोड़ते हुए गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को अत्याधुनिक कोबास प्रो नियो आईएसई डायग्नोस्टिक ऑटो एनालाइजर मशीन का उद्घाटन किया गया। गीतांजलि प्रबंधन के अनुसार यह तकनीक राजस्थान में पहली बार किसी चिकित्सा संस्थान में स्थापित की गई है। मशीन का लोकार्पण गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सीईओ ऋषि कपूर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. हरप्रीत सिंह, गीतांजलि यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ.अरविंद यादव, डीन डॉ. संगीता गुप्ता, अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. मनजिंदर कौर, वरिष्ठ चिकित्सक, फैकल्टी सदस्य एवं मेडिकल स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

## प्रश्नोत्तरी

**Q1.** हाल ही में 11-13 जून 2026 तक इटली के पुगलिया क्षेत्र में आयोजित 52वें जी-7 शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस थीम क्या रहा है?

[A] वैश्विक स्वास्थ्य और महामारी नियंत्रण
[B] सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), अफ्रीका विकास और यूक्रेन संकट
[C] इंडो-पैसिफिक में समुद्री सुरक्षा
[D] वैश्विक व्यापार और डिजिटल मुद्रा नियमन

**Q2.** जून 2026 में राजस्थान युवा कार्य एवं खेल विभाग द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा ओलंपिक स्तर की ट्रेनिंग देने के लिए कौन सी नई योजना शुरू की गई है?

[A] राजस्थान खेल प्रोत्साहन मिशन 2026
[B] 'राइज' योजना
[C] मरुधरा खेल रत्न अभियान
[D] मुख्यमंत्री खेल विलेज योजना

**Q3.** राजस्थान में राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमानों के संकलन के लिए आधार वर्ष क्या है, जिसके आधार पर 'स्थिर मूल्यों' पर आर्थिक वृद्धि दर की गणना की जाती है?

[A] 1999-2000 [B] 2004-05 [C] 2011-12 [D] 2022-23

**Q4.** राजस्थान के 'अफवाह तंत्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए:

1. 'माही नदी' राजस्थान की एकमात्र ऐसी नदी है जो कर्क रेखा को दो बार पार करती है और दक्षिण से प्रवेश कर वापस दक्षिण की ओर ही मुड़ जाती है।
2. माही की प्रसिद्ध सहायक नदियाँ — सोम, जाखम, अनास, चाप और मोरेन हैं।

[A] केवल 1 सत्य है। [B] केवल 2 सत्य है। [C] 1 और 2 दोनों सत्य हैं। [D] दोनों कथन असत्य है।

**Q5.** 18वीं सदी के उत्तरार्ध में मारवाड़ (जोधपुर) के किस महाराजा के शासनकाल में प्रसिद्ध 'नाथ संप्रदाय' को राजकीय संरक्षण प्राप्त हुआ और जोधपुर में 'महामंदिर' का निर्माण करवाया गया?

[A] महाराजा विजय सिंह [B] महाराजा मान सिंह [C] महाराजा जसवंत सिंह प्रथम [D] महाराजा तख्त सिंह

प्रश्नों के उत्तर भेजे 9079051521 पर जो भी प्रतिभागी और पाठक नियमित प्रश्न के उत्तरों के जवाब देंगे उन्हें आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा

कल के अंक के उत्तर - 1 (C) 2 (A) 3 (C) 4 (D) 5 (D)


Dr. ANUSHKA GROUP OF INSTITUTES


## नौकरी बचाने की गुहार लेकर अधीक्षक और सांसद के पास पहुंचे निविदा नर्सेज

**मेवाड़ मिरर**

**उदयपुर।** नौकरी पर मंडरा रहे संकट के बीच एमबी चिकित्सालय में कार्यरत निविदा नर्सेज अपनी सेवाएं बचाने के लिए लगातार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के नेतृत्व में सैकड़ों निविदा नर्सेज ने एमबी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आर. एल. सुमन को ज्ञापन सौंपकर नौकरी से नहीं हटाने की मांग की। राज-स्थान नर्सेज एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष नरेश पुरबिया ने बताया कि कई निविदा नर्सेज पिछले तीन-चार वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्यरत हैं और उन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित किए हैं। ऐसे में यदि उन्हें नौकरी से



हटाया जाता है तो वे बेरोजगार हो जाएंगे और उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन के दौरान कई नर्सेज अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए भावुक भी हो गई। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद भी उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इस पर अधीक्षक डॉ. आर. एल. सुमन ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वस्त किया कि निविदा नर्सेज की समस्याओं से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा तथा उनकी सेवाएं जारी रखने के लिए अस्पताल स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इसके बाद निविदा नर्सेज ने सांसद मन्नालाल रावत के निवास पर पहुंचकर भी प्रदर्शन किया और नौकरी से नहीं हटाने का निवेदन किया। सांसद रावत ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी नौकरी बचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के संरक्षक सत्यवीर सिंह तंवर, जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा, संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया, नर्सिंग अधीक्षक चंद्रप्रकाश सिसोदिया, सकीला अंसारी, कृष्ण अवतार गुप्ता, दीपक मेघवाल, मुकेश डामोर, दिव्यांशु, अजय, रमेश, धनराज सहित बड़ी संख्या में निविदा नर्सेज मौजूद रहे।




# बोर्ड लगा, सड़क नहीं बनी

## वल्लभनगर-पुरीयाखेडी मार्ग पर 60 लाख के निर्माण कार्य पर उठे सवाल, डीएमएफटी योजना के तहत 4 किलोमीटर सड़क निर्माण प्रस्तावित

**मेवाड़ जगत / रमेशचंद डांगी**

**वल्लभनगर।** वल्लभनगर से पुरीयाखेडी तक जाने वाले जर्जर मार्ग के पुनर्निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों में लंबे समय से उम्मीद थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही लगाए गए सूचना पट्ट ने ग्रामीणों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क की खस्ताहाल स्थिति से परेशान ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की जा रही थी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने और सूचना पट्ट लगने के बावजूद मौके पर अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। मौके पर लगाए गए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट योजना के बोर्ड के अनुसार वल्लभनगर से



पुरीयाखेडी तक 4 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पर 60.43 लाख रुपये खर्च किए जाने प्रस्तावित हैं। बोर्ड में कार्य प्रारंभ होने की तिथि 12 अप्रैल 2026 तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि 11 सितंबर 2026 अंकित की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाने से हालात और भी खराब हो जाते हैं। कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू किए बिना केवल सूचना पट्ट लगाकर विकास कार्य शुरू होने का संदेश दिया जा रहा है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण से संबंधित कोई मशीनरी, सामग्री या श्रमिक मौके पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खराब सड़क के कारण विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष अपनी नाराजगी दर्ज कराएंगे।

### वित्तीय प्रक्रिया पूरी होते ही शुरू होगा कार्य : सहायक अभियंता

इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पुनीत कुमार ने बताया कि डीएमएफटी योजना के तहत कुछ किस्तों की स्वीकृति एवं वित्तीय प्रक्रिया लंबित थी, जो अब पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा योजना से संबंधित सभी कार्य स्थलों पर एक साथ सूचना पट्ट लगाए गए हैं। संबंधित सड़क निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। आवश्यक राशि प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा।

# 17 जून को होगा हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु:शती समारोह

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ के तत्वावधान में 17 जून को महाराणा भूपाल स्टेडियम स्थित गांधी ग्राउंड में हल्दीघाटी विजय सार्द्ध चतु:शती समारोह का आयोजन किया जाएगा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक स्मृति समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्र के ऐतिहासिक विमर्श को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत राष्ट्र चेतना संकल्प सभा को संबोधित करेंगे।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि हल्दीघाटी विजय के 450वें




वर्ष के उपलक्ष्य में दो लाख पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। उदयपुर सहित मेवाड़-वागड़ क्षेत्र, राजस्थान के विभिन्न जिलों तथा गुजरात और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी पत्रक पहुंचाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक संत-महात्माओं, पांच हजार प्रबुद्धजनों और देशभर से 500 से अधिक समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक सीए महावीर चपलोत ने बताया कि आयोजन के लिए 20 से अधिक समितियों का गठन किया गया है। आवास, यातायात, भोजन, पार्किंग, सुरक्षा, चिकित्सा और स्वच्छता सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। समारोह में 25 से 30 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसके लिए करीब दो लाख वर्गफुट क्षेत्र में विशाल डोम बनाया जा रहा है, जहां 20 हजार से अधिक कुर्सियां लगाई जाएंगी। गर्मी से राहत के लिए मिस्ट सिस्टम, पंखे और पेयजल की व्यवस्था भी रहेगी। महाराणा भूपाल स्टेडियम में 15 से 17 जून तक तीन दिवसीय मेवाड़ शौर्य प्रदर्शनी का आयोजन होगा। प्रदर्शनी में मेवाड़ के वीरों, वीरांगनाओं और गौरवशाली इतिहास से जुड़े चित्र एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन स्थल पर हल्दीघाटी की मिट्टी से महाराणा प्रताप और डॉ. मोहन भागवत की विशेष चित्राकृतियां भी तैयार की जा रही हैं। आयोजकों के अनुसार बाहर से आने वाले आगंतुकों के लिए 25 हजार से अधिक भोजन पैकेट तैयार किए जा रहे हैं। पार्किंग स्थलों से कार्यक्रम स्थल तक आवागमन के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था रहेगी। चिकित्सा सुविधा के लिए एम्बुलेंस, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की विशेष टीम तैनात रहेगी।

# दुकानदार के पैसा नहीं देने पर दुकान में घुसकर की तोड़फोड़

**मेवाड़ जगत**

**उदयपुर।** एक दुकानदार से दो युवकों ने शराब के नशे में पैसा मांगा और पैसा नहीं देने पर दोनों बदमाशों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कविश पुत्र कमलेश शर्मा निवासी सेक्टर 6 ने रिपोर्ट दी कि उसकी ठोकर चौराया मेहता जी की बाडी रेलवे स्टेशन के सामने स्पोर्ट की दुकान है। मै मांजी की सराय में लघु शंका के लिए गया था और वहां से निकला तो मुझे नितिन और उमेश दो व्यक्ति जिनकी दुकान रेलवे स्टेशन के सामने चाय नाश्ते की है। ये दोनो व्यक्ति नशे में थे और उसे रोककर गाली गलौच करने लगे। मैने गाली देने से इंकार किया मेरे थप्पड मारे और पैसा मांगा। मैने पैसा देने से मना किया और वह भाग कर दुकान पर आ गया। वहां से अपने पापा को सारी बात बताई। कुछ मिनट में ये लोग सबल व सरिया लेकर दुकान पर आए और दुकान मे तोड फोड की और पैसा मांगने लगे7 नही देने पर दुकान में कांच तोड दिए और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही धमकाया कि आज के बाद यहां पर नजर आया तो जान से मार देगा। यह व्यक्ति रोज दारु पीकर एक पान की दुकान पर बैठे रहते है। रिपोर्ट पर प्रतापनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साई तिरुपति विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह संपन्न

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** उमरड़ा स्थित साई तिरुपति विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह मेवाड़ बेनक्वेट हॉल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें पिम्स के करीब 125 एमबीबीएस तथा 58 एमडी/एमएस छात्रों को डिग्री, विश्वविद्यालय के 29 छात्रों को पीएचडी की उपाधि तथा स्वर्ण पदक विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह का शुभारंभ राष्ट्र गीत वंदे मातरम् से हुआ। अध्यक्षता चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल ने की। कुलपति प्रो. डॉ. प्रशांत नाहर ने अपने स्वागत उद्बोधन देते हुए सन् 2016 मे स्थापित साई तिरुपति विश्वविद्यालय की विगत एक दशक की विकास यात्रा सभी संघटक कॉलेजों की उपलब्धियों, उनकी शैक्षणिक व अन्य आधारभूत




सुविधाओं के आधुनिकीकरण, डिजिटलाइसेशन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स के समावेश, नवीन पाठ्यक्रमों, रिसर्च प्रोग्राम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के तहत किए जा रहे प्रयासों, तथा दक्षिणी राजस्थान के अग्रणी पिम्स हॉस्पिटल की उपलब्धियों तथा अत्याधुनिक उपचार सेवाओं का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। सीईओ शीतल अग्रवाल ने सभी डिग्री तथा पदक प्राप्त करने वाले छात्रों को आशीर्वचन प्रदान किए तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने सभी से निस्वार्थ भावना के साथ सदैव मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहने और एक सफल चिकित्सक बनने का आह्वान भी किया। एमडी नमन अग्रवाल ने भविष्य की योजनाओं के बारे मे प्रकाश डाला तथा पिम्स एवं यूनिवर्सिटी की सफलता के लिए सभी चिकित्सक, फैकल्टी मेम्बर्स तथा स्टाफ के योगदान की सराहना की। पिम्स मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. सुरेश गोयल ने सभी मेडिकल स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों को डिग्री प्रदान करने के पश्चात हिप्पोक्रैटिक शपथ दिलाने की रस्म अदा की तथा जनहित हेतु सदैव तत्परता एवं एथिक्स के साथ मानवता की सेवा करने का प्रण दिलाया। समारोह के मुख्य अतिथि र.ना.टै.मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रिन्सिपल एंड कन्ट्रोलर डॉ. राहुल जैन ने सभी को शुभकामनाओं के साथ बड़ा संदेश देते हुए कहा कि यह डिग्री महज एक कागज का टुकड़ा नहीं बल्कि आपके ऊपर समाज और मानवता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मेडिकल के क्षेत्र में समय के साथ अब कई चुनौतियां भी बढ़ी है। उन्हीं को ध्यान में रखते हुए आपको इस नई पारी की शुरुआत करनी है। आपको हमेशा एक बात ध्यान में रखनी है कि कोई भी मरीज या उनके परिजन अस्पताल में घूमने फिरने के लिए नहीं आते हैं। वह मरीज की बीमारी के उपचार के लिए आप पर भरोसा और विश्वास लेकर आते हैं। आपको उनकी मानसिक और आर्थिक स्थिति का ख्याल करते हुए ही उनका इलाज करना है क्योंकि आप मरीज और उनके परिजनों की उम्मीद और भरोसा होते हैं। जब कभी भी यह भरोसा और उम्मीद डगमगाने लगती है तो स्वाभाविक तौर पर परिजन कभी-कभी गुस्सा भी हो जाते हैं और गुस्सा हिंसा का कारण भी बन जाता है।

ऐसे में आप सभी को धैर्य और संतोष से कार्य करना होगा। आप मरीज को क्या दवाइयां दे रहे हैं या कैसा इलाज कर रहे हैं इससे मरीज और उनके परिजनों को कोई लेना-देना नहीं होता है क्योंकि यह तो आपका काम है। मरीज और उसके परिजन आपको आपके व्यवहार और आपकी सेवाओं के कारण याद रखेंगे।

# होटल एसोसिएशन चुनाव संपन्न, राजेश अग्रवाल बने अध्यक्ष




मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** होटल एसोसिएशन उदयपुर के वर्ष 2026-28 कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर राजेश अग्रवाल विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी यशवर्धन सिंह राणावत को पराजित किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गौरव कोठारी ने जतिन श्रीमाली को तथा उपाध्यक्ष पद पर उषा शर्मा ने पृथ्वीराज चौहान को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया शोभागपुरा स्थित होटल में संपन्न हुई। चुनाव परिणामों को लेकर होटल व्यवसाय से जुड़े सदस्यों में दिनभर उत्सुकता बनी रही। चुनाव अधिकारी एवं यूसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमट ने परिणामों की औपचारिक घोषणा की। 31 से 50 कमरों वाले होटल वर्ग के चार एग्जीक्यूटिव सदस्य पदों पर आकांक्षा गोयल, तेजिंदर रोबिन, निर्मल अग्रवाल और जॉय सुहालका निर्वाचित हुए। 8 से 15 कमरों वाले होटल वर्ग में दो एग्जीक्यूटिव सदस्य पदों पर मंदीप सिंह चौहान और शक्ति सिंह निर्विरोध चुने गए। वहीं 16 से 30 कमरों वाले होटल वर्ग में गौरव बंडवालए गुंजन वैष्णव, कृष्णवीर सिंह और विकास पोरवाल का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। 51 से अधिक कमरों वाले होटल वर्ग के दो एग्जीक्यूटिव सदस्य पदों पर अरुणा दोषी और मानव भंडारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

## सोलर प्लांट से 10 लाख रूपए की केबल चोरी

**उदयपुर।** अज्ञात चोर एक सोलर प्लांट से रात्रि के समय में 10 लाख रूपए की केबल काटकर चोरी कर ले गए। पुलिस से मिली जानकारी के श्रीजी नन्दन उनजो प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विष्णु पुत्र कालूलाल प्रजापत निवासी प्रजापति नगर दक्षिणी सुन्दरवास हाल फलीचडा पानी की टंकी के सामने फतहनगर ने रिपोर्ट दी कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत आवटिंत सोलर प्लान्ट हमारी क पनी श्री जी नन्दन सोलर एनजो प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा फलीचडा गांव में सोलर प्लान्ट लगाने का काम करवाया जा रहा है, जिससे जमीन के चारो तरफ 10 फिट उंची तारबंदी करवा कर सोलर प्लेट व केबल बिछाई। 10 जून की रात्री को चोर तारबंदी काट कर पीछे से प्लान्ट में घुसे व करीब 10 लाख रुपये की कोपर केबल लगी हुई निकाल कर चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोन का इंश्यारेंस करने का झांसा देकर फायनेंस कंपनी ने हड़पे 52 हजार

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** 5 लाख रूपए का लोन के इंश्यारेंस का झांसा देकर एक फायनेंस का काम करने वाले एक व्यक्ति ने 52 हजार रूपए हड़प लिए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राधेश्याम पुत्र मोहनलाल मेघवालए निवासी पालाखेडी बडीसादडी हाल उत्तरी सुन्दरवासने

एवी फाईनेंस में कार्यरत विक्की नामक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दी कि गांव स्थित प्लॉट पर मकान बनाने के लिए 7 लाख रूपए की आवश्यकता थी। जिस के लिए उसने एवी फाईनेंस की प्रतापनगर स्थित ब्रांच पर गया था, वहां पर विक्की नामक व्यक्ति मिला जो वही पर काम करता है। आरोपी ने उससे कहा कि आप आपके प्लॉट का पट्टा रजिस्ट्री व अन्य दस्तावेजो की फोटो कॉपी दो वह आपके लोन करवा देगा। लगभग 10 दिनों के बाद विक्की ने प्रार्थी को कहा कि आपके 5 लाख रूपए का लोन ही हो रहा है, जो एसआरजी हाउसिंग फाईनेस लिमिटेड से होगा। उसने हामी भर दी, जिस पर एसआरजी फाईनेंस द्वारा उसके के खाते में 97 हजार 774 रूपए ट्रांसफर किए। उसने बताया गया कि प्रार्थी के 1.25 लाख रूपए लोन की पहली किश्त जारी हुई है, जिसमें से 27 हजार 258 रूपए लोन इंश्योरेंस के काट दिए और शेष राशि 97 हजार 774 रूपए उसके खाते में भेज दिए। यह पैसा जमा होने के अगले दिन सबुह प्रार्थी के फोन पर विक्की का फोन आया और आरोपियों ने विक्की ने प्रार्थी को बताया कि आपके लोन का इंश्योरेन्स करना होगा, जिसके लिए आप दोनो-पति पत्नी के 20-20 हजार रूपए प्रत्येक के जमा कराने होगे और फाईल चार्ज वगैरा सभी करके 52 हजार 50 रूपए आपको जमा कराने होंगे। उसके बाद में आपके खाते में लोन की अगली किश्त 1 लाख रूपए जमा होगी। उसके बाद प्रार्थी एवी फाईनेस गया वहां से आरोपी विक्की ने उसके साथ में मुकेश रेगर नाम एक आदमी को भेजा, जो उसके साथ में बैंक में आया और उसने बैंक के भीतर ही 50 हजार रूपए चैक से निकालकर आरोपी विक्की द्वारा साथ में भेजे मुकेश को दिए। शेष 2 हजार 50 रूपए उसने ऑनलाईन विक्की को ट्रांसफर किए।

# गांव में विकास की तस्वीर धुंधली, जर्जर सड़क से हर दिन जूझ रहे ग्रामीण

## गुड़ली ग्राम पंचायत की गमेती बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव



मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** सरकार और पंचायतें गांवों में विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन मावली तहसील की गुडली ग्राम पंचायत स्थित गमेती बस्ती की तस्वीर इन दावों की हकीकत बयां करती है। यहां करीब 20 वर्ष पहले बनी सीसी सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर फैले गड्ढे, कीचड़ और नालियों के अभाव ने ग्रामीणों का जीवन मुश्किल बना दिया है। बरसात में हालात इतने खराब हो जाते हैं कि लोगों का घर से निकलना तक चुनौती बन जाता है। मावली तहसील की गुडली ग्राम पंचायत स्थित गमेती बस्ती के ग्रामीण आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। करीब 20 वर्ष पहले बनाई गई सीसी सड़क अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क जगह-जगह से टूट गई है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क के दोनों ओर नालियां नहीं होने से घरों और आसपास का पानी सीधे मार्ग पर बहता है। इससे सड़क पर हमेशा कीचड़ और गंदगी बनी रहती है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है तथा पूरा मार्ग दलदल जैसा नजर आता है। गमेती बस्ती में करीब 60 परिवार निवास करते हैं। बच्चों को स्कूल जाने, महिलाओं को दैनिक कार्यों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुपहिया वाहन चालकों के लिए भी सड़क से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने में भी काफी मुश्किलें आती हैं। कई बार वाहन बीच रास्ते में फंस जाते हैं जिससे समय पर चिकित्सा सुविधा मिलना कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे कई वर्षों से ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को सड़क मरम्मत एवं नालियों के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बस्ती में अधिकांश आदिवासी परिवार निवास करते हैं, इसलिए उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति किसी अन्य क्षेत्र में होती तो अब तक सड़क का निर्माण हो चुका होता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पंचायत राज विभाग से मांग की है कि गमेती बस्ती में नई सीसी सड़क का निर्माण कराया जाए तथा दोनों ओर पक्की नालियां बनाई जाएं, ताकि लोगों को वर्षों पुरानी इस समस्या से राहत मिल सके।

# थानाधिकारी से धक्का -मुक्की, हाथ पर काटने का प्रयास

मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** एक मामले की जांच के लिए गए फतहनगर थानाधिकारी और पुलिस टीम के साथ एक परिवार के सदस्यों ने धक्का-मुक्की की और राजकार्य में बाधा पहुँचाई। इस दौरान थानाधिकारी के हाथ पर काटने का प्रयास भी किया। फतहनगर थानाधिकारी चन्दशेखर किलानीयां ने रिपोर्ट दी कि एएसआई शंकरसिह, कांस्टेबल अशोक कुमार, अमृत लाल के साथ थाने से रवाना हो प्रभुलाल धाबाई द्वारा दिए एग परिवाद जिसकी जांच पूर्व में एएसआई लक्ष्मण लाल के पास थी पर उसकी तबीयत खराब होने से और परिवादी द्वारा बार-बार रिपोर्ट पेश करने से ओर परिवादी को लगातार दूसर पक्ष द्वारा डराने धमकाने की पुनः रिपोर्ट देने पर जांच के लिए आरोपी लक्ष्मणलाल पुत्र बंजरगण प्रसाद शर्मा निवासी सनवाड के घर गए। जहां पर लक्ष्मणलाल से पूछताछ की तो लक्ष्मणलाल काफी आक्रोशित हो गया और कहा कि मैने व मेरे परिवार के सदस्यों ने मिलकर एक बार तो प्रभुलाल धाबाई का नायाब तहसीलदार साहब सनवाड के कार्यालय मे ईलाज करा दिया था। अब उसको और उसके परिवार को कहीं का नहीं छोड़ूंगा। साथ ही पुलिस जाब्ते को वहां से जाने के लिए कहा और धमकाया कि नहीं जाने पर वह महिलाओं से झूठा मुकदमा दर्ज करवागा। जिसे ढंग से बात करने के लिए कहा तो लक्ष्मणलाल को को पाबंद कराने के लिए हिरासत में लेकर रवाना होने लगे तो लक्ष्मणलाल के परिजन सुनिता शर्मा पत्नी स्व. महेन्द्र कुमार शर्मा, अनिता शर्मा पत्नी लक्ष्मणलाल शर्मा, अक्षय शर्मा पुत्र लक्ष्मण लाल ने पुलिस को जाब्ते को रोक लिया। जिस पर थाने से अतिरिक्त जाब्ता बुलवाया गया। इस पर आरापी के परिजन सुनिता शर्मा, अनिता शर्मा व अक्षय शर्मा ने पुलिस टीम के साथ बदतमीजी व गाली गलोच की ओर महिला कांस्टेबल मारूती को धक्का दिया। साथ ही धमकियां दी कि पूरी पुलिस टीम को छेडछाड के झुठे मुकदमे मे फसाउंगी। इसके बाद बडी मुश्किल से लक्ष्मण लाल को थाने पर लाया गया। इस तरह लक्ष्मण लाल व उसके परिजन सुनिता शर्मा, अनिता शर्मा व अक्षय शर्मा ने पुलिस टीम को रोककर गाली गलोच की व महिला कांस्टेबल के साथ धक्का-मुक्की की। आरोपियों ने थानाधिकारी के साथ धक्का मुक्की की व सुनिता शर्मा ने थानधिकारी का हाथ पकडकर दांतो से काटने को प्रयास किया। जब लक्ष्मणलाल को थाने लाया जा रहा था तो अनिता शर्मा, सुनिता शर्मा व अक्षय शर्मा ने विरोध किया व सरकारी वाहन के रोका व लक्ष्मणलाल शर्मा को छुडाने का प्रयास किय और राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। रिपोर्ट पर फतहनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आपसी विवाद में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**उदयपुर।** युवको के आपसी झगड़े में एक युवक ने एक पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीमा पत्नी सुरेश चांवरिया निवासी गांधीनगर 44 क्वार्टर मल्लातलाई ने रिपोर्ट दी कि 11 जून रात 10 बजे वह अपने बेटे राहुल चांवरिया के साथ घर पर थी। वह उसके दोस्त के साथ मेरे घर से 100 मीटर की दूरी पर दुकान पर गया और वहां पर कुछ लड़के आपस में झगड़ रहे थे। तभी अली की मां आई और गाली गलोच करने लगी। तभी पीछे से उसका लड़का अली आया और वह राहुल को गाली देने लगा। राहुल के मना करने पर भी वहां बहस करने लगा और उसने अपने पीछे छुपा रखे चाकू से वार कर दिया और वहां से फरार हो गया। वहां मौजूद कुछ लोगों ने राहुल को हॉस्पीटल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाच शुरु कर दी।

# स्कूल के पास चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री पर पुलिस का छापा





मेवाड़ जगत

**उदयपुर।** शहर के देबारी क्षेत्र में घनी आबादी और सरकारी स्कूल के पास संचालित हो रही एक अवैध पटाखा फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, तैयार पटाखे और एक लोडिंग टेम्पो जब्त किया गया है। पुलिस ने फैक्ट्री संचालित करने के आरोप में खेरवाड़ा निवासी अनिल और उसके पुत्र लक्की को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों बिना किसी वैध लाइसेंस और सुरक्षा मानकों के पटाखों का निर्माण कर रहे थे। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि देबारी क्षेत्र में रिहायशी बस्ती और सरकारी स्कूल के बीच अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसपी जगदीश कुमार और प्रतापनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर विस्फोटक सामग्री और तैयार पटाखे पाए गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब 50 कार्टन तैयार पटाखे जब्त किए। इसके अलावा प्लास्टिक के 8 कट्टों में पटाखे बनाने के रैपरए सुतली और विभिन्न ब्रांडों के लेबल भी बरामद हुए।